RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 74 • 30:03:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

# पहाड़पुर में पत्नी व तीन बच्चियों की गड़ासी से गला काट निर्मम हत्या

- पूर्वी सरेया पंचायत में सामूहिक रुप से जनाजे को दी गयी मिट्टी
- पंचायत के मुखिया पति छोटू पांडेय ने जताया शोक
- जेल से मात्र 09 माह पहले छूट कर आया था इदु
- समाचार प्रेषण तक पुलिस की पकड़ से बाहर है सनकी अपराधी
- सरेया कचहरी में शव पहुंचते ही मचा कोहराम

### पूर्वी सरेया में शव देखने उमड़ी महिलाओं की भीड़

चाण्क्य भूमि(कनकलता)









**बेतिया।** पश्चिमी सिसवा पंचायत के वार्ड नंबर सात बवरिया गए गांव में एक सनकी पति इदु मिया ने गुरुवार की रात को अपनी पत्नी व तीन बच्चियों की सोए अवस्था में धारदार हथियार से गला काट कर निर्मम हत्या कर दिया।हत्या के बाद पति घर छोड़ कर फरार है।मृतकों में इदू की पत्नी अप्रीना खातून(40) पुत्री अरबुन खातून(13) शबरुन खातून(11) व शहजादी खातून(9) शामिल हैं।जिनकी बड़ी ही बेरहमी से गला काट कर हत्या की गई है।बड़ी लड़की के गर्दन व चेहरे पर कई बार काटने के निशान है।विभित्स हत्या देख सबका कलेजा मुंह को आ रहा था। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह एक ग्रामीण इदु मिया के दरवाजे पर जाकर आवाज दिया।जब कोई जवाब नही मिला और कोई बाहर भी नही निकला तब फाटक खोला तो आंगन में तिरपाल पर चारों का शव देख अन्य ग्रामीणों को बताया।जिसके बाद ग्रामीण पुलिस को सूचना दिए। इदु मिया का पैतृक घर सरेया पंचायत के कचहरी टोला गांव में था।जहां से सब बेच कर बवरिया में रहता था।मृतका अप्रीना उसकी दूसरी पत्नी थी।जिससे पांच पुत्रियां थीं। इनमें एक की शादी हो चुकी है।मुखिया पति चंद्र भूषण पांडेय उर्फ छोटू पांडेय ने बताया कि इदु मियां के अब्बा का नाम ताज मियां था जो पेशे से पहलवान थे।वर्षो पूर्व उनकी मौत हो गई।अब्बा की मौत के बाद इदु सनकी स्वभाव का था। गबताया गया है कि करीब सात वर्ष पूर्व दिल्ली से घर आते समय चलती ट्रेन से पत्नी सहित सभी बच्चों को चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया था।जिसमे एक पुत्री की मौत हो गई।जिसको लेकर वह उत्तर प्रदेश के सीतापुर जेल में था।करीब आठ नौ माह पूर्व जेल से छूट कर घर आया था। हत्या की सूचना पर डीएसपी रंजन कुमार,इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार गुप्ता,थानाध्यक्ष अम्बेश कुमार सहित कई थानों की पुलिस पहुंच कर शव को पोस्मार्टम के लिए मोतिहारी भेज कर हत्यारे पति की तलाश में छापेमारी में जुटे हैं।एक साथ चार की दर्दनाक मौत से ग्रामीण स्तब्ध हैं।पूरे गांव में मातम पसरा है।

## मुख्तार का हुआ पोस्टमॉर्टम

# मौत की होगी न्यायिक जांच

### प्राइमरी रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट अटैक, आज होगा सुपुर्द-ए-खाक





बांदा (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी की कार्डियक अरेस्ट से गुरुवार (28 मार्च) रात को मौत हो गई। उसे उल्टी की शिकायत और बेहोशी की हालत में रात 8.25 बजे जेल से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। 9 डॉक्टरों ने इलाज किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। शुक्रवार को 3 डॉक्टरों के पैनल सहित 5 लोगों की टीम ने मुख्तार का पोस्टमॉर्टम किया। सुबह 11 बजे शुरू हुआ पोस्टमॉर्टम दोपहर 1.30 बजे तक चला। पोस्टमॉर्टम की प्राइमरी रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट अटैक बताई गई है। मुख्तार का शव परिजन को सौंपा जाएगा। जिसके बाद सड़क के रास्ते मुख्तार को पुश्तैनी घर गाजीपुर लाया जाएगा। यहां शनिवार को काली बाग कब्रिस्तान में उसे सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इसी बीच मुख्तार के बेटे उमर ने बांदा डीएम को पत्र लिखा। मांग की है कि पिता मुख्तार का दिल्ली एम्स में पोस्टमार्टम कराया जाए। हमारे परिवार को बांदा की चिकित्सा व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। उधर, बांदा डीएम की संस्तुति पर मुख्तार की मौत मामले की न्यायिक जांच के आदेश सीजेएम ने जारी किए हैं। मुख्तार के बेटे उमर अंसारी की अपील पर बांदा के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवान दास गुप्ता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी/एमएलए कोर्ट) गरिमा सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। गरिमा सिंह को इस मामले की एक महीने में रिपोर्ट देनी होगी। मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने कहा कि यह पोस्टमार्टम उनकी प्रक्रिया है। मैंने पत्र लिखा है कि इसे एम्स दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा किया जाना चाहिए।

## पाकिस्तान की जांच पर चीन को नहीं रहा भरोसा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में अपने नागरिकों पर बढ़ते हमले को लेकर चीन बौखलाया हुआ है। पिछले एक हफ्ते में तीन बार चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जा चुका है। ऐसे में चीन को अब पाकिस्तान के वादों पर भरोसा नहीं



रहा है। चीन कई साल पहले से पाकिस्तान से अपने नागरिकों की सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध करता रहा है। हर बार पाकिस्तान की तरफ से कड़े सुरक्षा प्रबंध करने का वादा भी किया गया है, हालांकि इसके बावजूद चीनी नागरिकों पर हमलों में कोई कमी नहीं आई है। इस्लामाबाद से लगभग 270 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में बेशम में एक आत्मघाती हमले में पांच चीनी इंजीनियर मारे गए।

### पहले हाईकोर्ट ने दिया झटका

# अब आईटी ने फिर थमाया नोटिस

- कांग्रेस को लग गया डबल झटका, पुरानी पार्टी की बढ़ गई आर्थिक चिंताएं
- माकन बोले-भाजपा ने भी जानकारियां छिपाईं, 4600 करोड़ वसूले आईटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी को गुरुवार को पहले दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा। उसके बाद आयकर विभाग ने मुश्किलें और बढ़ा दी। आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी को लगभग 1700 करोड़ रुपये का नोटिस दिया है। इसके साथ ही लोकसभा चुनावों से ठीक पहले देश की सबसे पुरानी पार्टी की आर्थिक चिंताएं बढ़ गई हैं। आयकर विभाग की नई मांग 2017-18 से लेकर 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माना और ब्याज दोनों शामिल है। यह राशि और बढ़ने के आसार हैं। आयकर विभाग 2021-22 से लेकर 2024-25 की आय का पुनर्मूल्यांकन का इंतजार कर रही है। इसकी कट-ऑफ तिथि रविवार तक पूरा हो जाएगा। कांग्रेस के वकील और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि पार्टी कानूनी चुनौती को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने आयकर विभाग की इस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक और अनुचित करार दिया। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वकील विवेक तन्खा ने आरोप लगाया कि गुरुवार को पार्टी को लगभग 1700 करोड़ रुपये का नया नोटिस बिना प्रमुख दस्तावेजों के भेजा गया। उन्होंने



कहा कि देश के मुख्य विपक्षी दल का आर्थिक रूप से गला घोंटा जा रहा है और वह भी लोकसभा चुनाव के दौरान। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया जिनमें कर अधिकारियों द्वारा उसके खिलाफ चार साल की अवधि के लिए कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू किए जाने को चुनौती दी गई थी।

## सिद्धारमैया का बेटा बोला-शाह का क्रिमिनल बैकग्राउंड

- कहा-उन पर है हत्या का आरोप, लेकिन वे ऊंचे पद पर कायम

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इस पर विवाद हो गया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक कांग्रेस नेता यतींद्र सिद्धारमैया ने गुरुवार 28 मार्च को अमित शाह को गुंडा और दबंग बताया। यतींद्र ने ये भी कहा कि शाह पर गुजरात में हत्या के आरोप है। उनका क्रिमिनल बैकग्राउंड रहा है, लेकिन अभी वह देश में ऊंचे पद पर बैठे हुए हैं। यतींद्र के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया। भाजपा नेता चलावेदी नारायणस्वामी ने कहा कि दबंगई वाली संस्कृति भाजपा में नहीं, सिर्फ कांग्रेस में है। भाजपा सांसद एस मुनिस्वामी ने यतींद्र के बयान पर कहा कि वह



निराश है, क्योंकि उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए मैसूर से टिकट नहीं दिया गया। सिद्धारमैया ने यतींद्र को मैसूर से टिकट देने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने टिकट नहीं दिया। यही कारण है कि वह इस तरह की बयानबाजी कर रहे है। फिलहाल वह (यतींद्र) अभी एक छोटा बच्चा है। उसे राजनीति में कोई अनुभव नहीं है। ये लोग भाजपा के खिलाफ जितनी बात करेंगे, भाजपा और उसका नेतृत्व उतना ही मजबूत होगा। भाजपा नेता एन. रविकुमार ने कहा कि हम यतींद्र के खिलाफ चुनाव आयोग और पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे। यतींद्र सिद्धारमैया ने गृह मंत्री अमित शाह के लिए बहुत गलत शब्दों का इस्तेमाल किया है। यदि वह (सिद्धारमैया) एक निष्पक्ष और संतुलित सरकार चला रहे हैं तो अपने बेटे के खिलाफ कार्रवाई करें।

# मैं भारत में डिजिटल विभाजन नहीं होने दूंगा

- बिल गेट्स से बोले पीएम मोदी, टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य पर की बात
- पीएम मोदी ने कहा-मैंने इस तकनीक को प्रजातांत्रिक बना दिया है

### पीएम ने कहा-मैंने 2 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर गांवों में बनाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक व समाजसेवी बिल गेट्स ने हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से लेकर टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य देखभाल, क्लाइमेट आदि पर बेहद खास चर्चा की। इस चर्चा का वीडियो आज रिलीज किया गया है। इस दौरान पीएम मोदी ने भारत में हो रहे टेक्नोलॉजी इनोवेशन को लेकर दिल खोलकर बात की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल गेट्स को अपने भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि वह 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना चाहते हैं। इसके अलावा, कृषि को आधुनिक बनाना चाहते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और बिल गेट्स ने 2023 जी20 शिखर सम्मेलन पर भी चर्चा की जो पिछले साल भारत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पीएम मोदी ने कहा,..जी20 शिखर सम्मेलन से पहले हमने व्यापक चर्चा की और जैसा कि आपने देखा होगा, शिखर सम्मेलन की कार्यवाही में कई मोड़ आए। मेरा मानना है कि अब हम जी20 के मूल उद्देश्यों के साथ जुड़ गए हैं और उन्हें मुख्यधारा में ला रहे हैं। वहीं बिल गेट्स ने कहा, जी20 कहीं अधिक समावेशी है और इसलिए भारत को इसकी मेजबानी करते हुए देखना शानदार रहा। पीएम नरेंद्र मोदी और बिल गेट्स ने भारत में डिजिटल क्रांति के साथ-साथ भारत में स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा क्षेत्रों पर भी चर्चा की। पीएम आवास पर बिल गेट्स के साथ बातचीत करते हुए पीएम मोदी ने कहा, जब मैं इंडोनेशिया में भी जी-20 में गया था तब दुनिया के सभी देशों की उत्सुकता थी कि आप ने डिजिटल रिवॉल्यूशन कैसे लाया है। तब मैं उनको समझाता था कि मैंने इस तकनीक को प्रजातांत्रिक बना दिया है। इस पर किसी का एकाधिकार नहीं रहेगा। ये जनता का होगा, जनता के द्वारा होगा।



## सोनमर्ग में एवलांच श्रीनगर-लेह हाईवे बंद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश भर में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हो रही है। शुक्रवार को राज्य के सोनमर्ग के हंग इलाके में एवलांच हुआ। इससे दो कारें बर्फ में फंस गई। कार में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया गया। हालांकि, एवलांच के कारण बर्फ जमा होने से श्रीनगर-लेह हाईवे बंद हो गया। भारतीय मौसम विभाग ने 30 मार्च को 19 राज्यों में बूंदाबांदी की संभावना जताई है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट है। यहां बारिश के साथ आंधी-तूफान की संभावना है।

# बीच में टांग अड़ा चौधरी बनने की जुर्रत ना करें

- एक ही दिन में दूसरी बार एमईए ने चीन को हड़काया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बार फिर चीन को कड़ी झिड़की दी है और कहा है कि वह भारत-अमेरिका के बीच किसी भी मामले में अनावश्यक रूप से टांग अड़ाने की कोशिश ना करे। साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जायसवाल ने नई दिल्ली में गुरुवार को कहा, भारत और अमेरिका, कानून का पालन करने वाले दो देशों के रूप में किसी भी आपसी मुद्दे को निपटाने में सक्षम हैं और इसमें किसी तीसरे पक्ष को कूदने की कोई जरूरत नहीं है। जायसवाल की यह टिप्पणी खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू प्रकरण पर चीन की हालिया टिप्पणियों के जवाब में आई है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि हम दो पक्षों के बीच असंबंधित तीसरे पक्षों की अटकलबाजी वाली टिप्पणियों और अनावश्यक सलाह की कोई भूमिका नहीं है। चीन ने कहा था कि उसने अमेरिका के कथित आरोप पर ध्यान दिया है कि भारत ने एक अमेरिकी सिख नेता की हत्या की साजिश रची थी। एक चीनी राजनयिक ने मंगलवार को कहा था, हमें उम्मीद है कि संबंधित देश अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को नियंत्रित करने वाले बुनियादी मानदंडों का पालन करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने अरुणाचल प्रदेश के मुद्दे पर भी चीन को दो टूक सुनाई है और कहा है कि चीन चाहे जितना अपने 'निराधार दावे दोहराए' लेकिन इससे भारत का रुख नहीं बदलेगा कि अरुणाचल प्रदेश उसका अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। उनकी यह टिप्पणी चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान द्वारा सोमवार को चीन के दावे को दोहराए जाने के बाद आई है।



# कन्हैया बेगूसराय पार तो पप्पू सीमांचल से हो गए 'तड़ीपार'

- कांग्रेस की नैया डुबोने के लिए लालू ने कर दिया खेला!
- आरजेडी और लेफ्ट पार्टियों के सामने कांग्रेस का सरेंडर

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में लालू यादव ने कांग्रेस के साथ खेला किया या फिर इसके यूनिट अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने खेला होने दिया, कहना मुश्किल है। सबसे पहले बेगूसराय सीट हाथ से निकली, जहां से कांग्रेस के लिए मजबूत उम्मीदवार कन्हैया कुमार हो सकते थे। इसके बाद औरंगाबाद सीट, जहां से निखिल कुमार चुनाव लड़ने के लिए लोकल लेवल पर काफी ऐक्टिव थे। अब बारी पूर्णिया की थी, जहां से कांग्रेस के टिकट पर पप्पू यादव फाइट करने के लिए तैयार थे। वाल्मिकीनगर में कांग्रेस के प्रवेश कुमार मिश्रा पिछला चुनाव सिर्फ 23 हजार वोट से हारे थे, उसे भी लालू यादव ने अपने पास रख लिया। कांग्रेस को छंटी-छटाई सीटें दे दी गई, जहां से उम्मीदवार खोजना भी मुश्किल है। अपनी पार्टी का कांग्रेस में मर्ज कराने वाले पप्पू यादव आज मारे-मारे फिर रहे हैं। पार्टी तो हाथ से निकल गई, साथ ही छवि भी धूमिल हुई। पूर्णिया सीट भी मुट्ठी में नहीं रहा। एक सप्ताह तक गिड़गिड़ाने के बाद भी न तो पूर्णिया मिला और ना ही सुपौल, मधेपुरा। तेज-तर्रार छवि रखने वाले बेगूसराय के कन्हैया कुमार पहले से ही बिहार बदर हैं। बिहार से दूरी उनकी मजबूरी है।



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, 5 घायल-बक्सर में 3 जख्मी एक ही परिवार के



**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर के खलवा इनार के पास ऑटो और ट्रक की जोरदार टक्कर में ऑटो सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस द्वारा सभी को सड़क से उठाकर डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। वहां सभी के सिर में गंभीर चोट लगने से हालत गंभीर बताई गई। डायल 112 टीम ने सभी के परिजनों को सूचना दे दी। घटना अहले सुबह की बताई जा रही है। बताया गया की नावानगर से ऑटो में सवार होकर यात्री डुमरांव की तरफ जा रहे थे। ऑटो जैसे ही खलवा इनार के पास पहुंची वैसे ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसके बाद सभी ऑटो सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिरे और छटपटाने लगे। सुबह में टहलने निकले तो लोगों ने देखा और इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। फिलहाल सभी का इलाज जारी है। डायल 112 की टीम के प्रभारी मोकिम मिया ,चालाक बीरेंद्र प्रसाद सिपाही प्रशांत कुमार और विक्रम कुमार ने बताया कि पांच घायल में रामायण शाह (53), जय प्रकाश (26), चंद्रावती देवी (45) ,रंजीत प्रसाद (50), निक्की कुमारी (30), शामिल हैं। तीन जख्मी एक ही परिवार के हैं। सभी नावानगर थाना के कातिकनार गांव के है ।सभी के परिजनों को सूचित किया गया है। सभी का इलाज जारी है। ट्रक घटना के बाद अपना ट्रक लेकर भागने में सफल रहा जिसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### सबौर-कंपनी के कलेक्शन एजेंट से एक लाख से अधिक राशि की लूट

**भागलपुर/सबौर, एजेंसी।** बाईपास थाना क्षेत्र के बाईपास सड़क मार्ग पर खूटाहा पुल के समीप कंपनी के कलेक्शन एजेंट से एक लाख से अधिक की राशि लूटने का मामला प्रकाश में आया है। एजेंट जगदीशपुर बलुआचक से रुपये कलेक्शन कर भागलपुर के कंपनी में जमा करने के लिए जा रहा था। घटना बुधवार की देर शाम बताई जा रही है। इसको लेकर पीड़ित ने घटना की सूचना बाईपास थाना पुलिस और संबंधित कंपनी के कर्मी को दी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बाइक से जाते समय पीछे से बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने आकर रुपये से भरा बैग झपट कर भाग गये। बैग में टैब भी था। इस संबंध में बाईपास थानाध्यक्ष सूरज कुमार वैभव ने कहा कि खगड़िया जिला निवासी प्रशांत कुमार क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड कंपनी का एजेंट है। जिससे एक लाख 43 हजार से अधिक की राशि छिनतई करने की बात बताई जा रही है। कंपनी के कर्मी ने आवेदन दिया गया है। मामले को लेकर जांच की जा रही है। घटना का जल्द उद्भेदन कर लिया जाएगा।

### ऑटो-बाइक की टक्कर, दो की हालत गंभीर

**मुजफ्फरपुर/औराई, एजेंसी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भैरव स्थान देवकुली मोड़ के समीप गुरुवार शाम ऑटो व बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गयी, जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिसकी पहचान खेतलपुर के सुकेश्वर महतो के पुत्र जुल्मी महतो व कोकिलवारा गांव के संजय दास के पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बाइक पर लादकर सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में दोनों को एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहां से जुल्मी महतो को पटना रेफर कर दिया गया है। चालक ऑटो लेकर भागने में सफल रहा। खेतलपुर के मनोज शर्मा ने बताया कि जुल्मी महतो एक सप्ताह पहले घर आया था। वह शिवम के साथ बाइक पर सवार होकर औराई आ रहा था। इसी दौरान ऑटो से बचने के दौरान बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और वह सड़क पर गिर गया, जिसमें उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। वहीं शिवम दास की हालत भी गंभीर बनी हुई है। एंबुलेंस से एसकेएमसीएस ले जाकर दोनों को भर्ती कराया गया है, जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है।

# सम्राट के रोहिणी पर दिए बयान पर भड़के तेजस्वी बोले-बेटी वंदना से करें काम की शुरुआत

## डिप्टी सीएम ने कहा था-किडनी के बदले टिकट दिया

**पटना, एजेंसी।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अपनी बेटी रोहिणी आचार्य को सारण से लोकसभा का टिकट देने जा रहे हैं। इसकी तीखी आलोचना बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने की थी। जिस पर नेता प्रतिपक्ष और रोहिणी के भाई तेजस्वी यादव ने पलटवार किया है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि नारी शक्ति और बिहार की बेटी को लेकर जो विवादास्पद और घृणाप्रद बयान दिया है। वो भाजपा के चरित्र को दिखाता है। ऐसी सोच ना हमारे संस्कारों में है और ना बिहार की संस्कृति और संस्कारों में। मैं ईश्वर से प्रार्थना करूंगा कि उपमुख्यमंत्री और उनकी पार्टी को मातृशक्ति का सम्मान करने की सदबुद्धि आए। मैं समस्त कार्यकर्ताओं और बिहारवासियों से भी आग्रह करता हूं वो 'बेटी वंदना' के साथ अपने हर काम की शुरुआत करें।

### एक भी महिला को बीजेपी ने टिकट नहीं दिया

उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी ने बिहार में एक भी महिला को लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनाया है। महिला विरोधी होने का परिचय दिया है। हमने पहले भी कहा था महिला आरक्षण बिल इनका ढकोसला था।



### बिहार माता सीता की जन्मस्थली है

तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की पहचान भाजपा नहीं है। बिहार ओछे बयान देने वालों की धरती नहीं है। बिहार माता सीता की जन्मस्थली है। बेटियों, माताओं, महिलाओं का सम्मान करने वाली पावन धरा है। हमारे संस्कार, हमारे आचरण, व्यवहार में मातृशक्ति का सर्वोच्च महत्व है। हमारे कार्य में इसकी झलक मिलती है। इसी कड़ी में 'बेटी वंदना' हमारे बिहार की समृद्ध संस्कृति का आचरण करने की प्रेरणा देगी तथा मतिभ्रष्ट एवं पथभ्रष्ट भाजपा नेताओं को सही पथ पर आने के लिए प्रेरित करेगी।

### रोहिणी ने कहा था- सही-गलत का फैसला जनता करेगी

सम्राट के बयान पर लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने जवाब दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया ङ्क पर लिखा- ओछी सोच और ओछे चरित्र वालों की हर ओछी बात का जवाब जनता के बीच, जनता जनार्दन की अदालत में दूंगी। सही-गलत का फैसला जनता करेगी।

### सम्राट बोले-लालू ने किडनी के बदले रोहिणी को टिकट दिया

लोकसभा चुनाव के ऐलान के साथ ही अब सियासी बयानबाजी तेजी है गई है। पक्ष विपक्ष एक दूसरे पर हमलावर हैं। इस बीच डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने राजद सुप्रीमो लालू यादव पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने कहा कि टिकट बेचने में लालू यादव ने अपनी बेटी को भी नहीं छोड़ा। पहले अपनी बेटी की किडनी ली और उसके बाद लोकसभा चुनाव का टिकट दे दिया

# मवेशी चोर गिरोह का सरगना संटू गिरफ्तार-समस्तीपुर ओपी प्रभारी की हत्या मामलें में भी था आरोपित



### नालंदा पुलिस ने गुप्त सूचना पर की कार्रवाई

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा की चिकसौरा पुलिस ने मवेशी चोर गिरोह के सरगना संटू कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। संटू पर समस्तीपुर में मवेशी चोरी के दौरान पुलिस से मुठभेड़ में ओपी प्रभारी की हत्या का भी आरोप है। पुलिस को चकमा देकर वह फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर आखिरकार चिकसौरा पुलीस ने संटू को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। संटू मूलतः चिकसौरा थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव का रहने वाला है। चिकसौरा थानाध्यक्ष बबन कुमार ने बताया कि विगत आठ माह पूर्व समस्तीपुर जिला के उजियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहबाजपुर गांव में मवेशी चोरी की घटना की सूचना के उपरांत छापेमारी करने पहुंची पुलिस से हुई मुठभेड़ में मोहनपुर ओपी प्रभारी नन्दकिशोर यादव की गोली लगने से मौत हो गई थी। इस घटना में संटू आरोपित था। इस कांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। लेकिन संटू पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। संटू और उसके पशु चोर गिरोह के सदस्यों के द्वारा मवेशी चोरी करने के उपरांत समस्तीपुर के विद्यापति नगर थाना क्षेत्र में पहुंची पुलिस के ऊपर फायरिंग कर दिया था। इसमें एक गोली मोहनपुर ओपी प्रभारी के चेहरे में जा लगी थी। जिनका इलाज के क्रम में पटना में मौत हो गई थी। गिरोह के अन्य सदस्य पकड़े जा चुके थे। लेकिन संटू पुलिस से बचने के लिए बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। मवेशी चोर संटू पर इसके अलावे चिकसौरा थाना चोरी,आर्म्स एक्ट एव मारपीट के कई मामले दर्ज हैं, जिनमें वह फरार चल रहा था।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार पुलिस ने उसके घर से दबोचा

## लूट-हत्या, रंगदारी जैसे अपराध को दिया था अंजाम

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर पुलिस के टॉप-10 सूची में शामिल 25 हजार का कुख्यात इनामी अपराधी शनिचर मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिटी एसपी के निगरानी में गठित टीम ने मिराचक स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पर कई संगीन मामले दर्ज है।



औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना में हत्या के मामले में वह फरार चल रहा था। इसके बाद पुलिस मुख्यालय की तरफ से 25 हजार का कुख्यात इनामी अपराधी घोषित किया था। गठित टीम ने छापेमारी कर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि पुलिस के टॉप-10 सूची में शामिल 25 हजार का इनामी एवं हत्याकांड का कुख्यात वांछित अपराधी शनिचर मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया है। गठित टीम द्वारा छापेमारी की गई। इसके बाद कुख्यात अपराधी शनिचर मंडल के मीराचक घर स्थित से उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी ने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ डकैती, महिला उत्पीड़न, मध्य निषेध और उत्पाद अधिनियम के तहत औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना में तीन मामला दर्ज है।

इधर, छापेमारी दल में शामिल डीआईयू टीम के पुलिस निरीक्षक रंजीत कुमार, धनंजय कुमार, सुशील राज, एजाज रिजवी एवं औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना अध्यक्ष मुरलीधर शाह, पुलिस उप निरीक्षक कन्हैया कुमार, व सीआईटी और सशस्त्र बल शामिल थे।

### पीरपैंती-बिहार-झारखंड के पुलिस पदाधिकारियों ने की बैठक

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में आपसी समन्वय बनाए रखने के लिए बिहार और झारखंड की सीमा पर स्थित मेहरमा थाना में दोनों राज्यों के पुलिस पदाधिकारियों ने बैठक की। एसडीपीओ कहलगांव 2 अर्जुन कुमार गुप्ता, पीरपैंती इंस्पेक्टर अरुण कुमार व ईशीपुर बाराहाट थानाध्यक्ष रविशंकर तथा झारखंड के महागामा के एसडीपीओ प्रतिनिधि और मेहरमा तथा अन्य थाने की पुलिस भी मौजूद थी। बैठक में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। अंतरराज्यीय चेक पोस्ट व अन्य आवागमन के रास्तों पर दोनों राज्यों की पुलिस आसूचना का आदान प्रदान करेंगे। जबकि दोनों क्षेत्र में वाहन चेकिंग, शराब चेकिंग के साथ चेकपोस्ट पर पैनी नजर आदि भी रखेंगे।

# लंबे अंतराल के बाद सीएम नीतीश कुमार से मिले चिराग पासवान

## मुख्यमंत्री ने कंधे पर हाथ रखकर दी शुभकामनाएं

**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर रणभेरी बज चुकी है। नामांकन का दौर भी शुरू हो गया है। इस बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से एनडीए के बड़े नेताओं के मिलने का दौर भी जारी है। गिरिराज सिंह, उपेन्द्र कुशवाहा और रामकृपाल यादव के बाद गुरुवार को लोजपा (रामविलास) के सुप्रीमो चिराग पासवान ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की है। दोनों नेताओं की ये मुलाकात मुख्यमंत्री आवास पर हुई है। इस मुलाकात के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने चिराग पासवान के कंधे पर हाथ रखकर उन्हें सियासी जंग के लिए शुभकामनाएं दी है। वहीं, चिराग पासवान ने भी मुख्यमंत्री का पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर बिहार बीजेपी के बड़े नेता भी मौजूद रहे। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ-साथ नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय भी मौजूद रहें। वहीं, जेडीयू के वरिष्ठ नेता और नीतीश कुमार के बेहद करीबी संजय झा भी इस मुलाकात के गवाह बने।



गौरतलब है कि लंबे अंतराल के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और चिराग पासवान की मुलाकात हुई है। साल 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान दोनों की बीच की खटास अधिक बढ़ गयी थी। चिराग पासवान ने बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट की बातें करते हुए नीतीश सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज़ बुलंद की थी और जेडीयू प्रत्याशियों के खिलाफ खुद की पार्टी के कैंडिडेट खड़े कर दिए थे, जिसका अधिक खामियाजा नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू को उठाना पड़ा था। साल 2020 बिहार विधानसभा चुनाव के बाद ही दोनों नेताओं के बीच खटास अधिक बढ़ गयी थी लेकिन अब लोकसभा चुनाव 2024 में दोनों फिर एकसाथ एक ही गठबंधन में हैं लिहाजा लंबे अंतराल के बाद दोनों की मुलाकात काफी सुखद रही।

# घर में घुसकर नाबालिग ने की चोरी

## सोने चांदी के आभूषण के साथ आरोपी गिरफ्तार, पुलिस जेल भेजने की तैयारी कर रही



**गया, एजेंसी।** गया के कोतवाली थाना क्षेत्र के बैरागी मोहल्ले की रहने वाली गायत्री देवी पति नगीना पासवान के घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की वारदात के दौरान चोर घर से लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण लेकर भागने में सफल हो गया। वहीं, घर में सोए परिजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी। फिर किसी तरह जानकारी मिली कि कोतवाली थाना क्षेत्र का रहने वाला एक नाबालिग लड़का रात के अंधेरे में घर में घुसा था। घर में चोरी की वारदात को अंजाम देकर चला गया।

घटना की जानकारी पीड़िता गायत्री देवी ने कोतवाली थाना पहुंचकर थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा को दिया। जिसके बाद आशीष मिश्रा ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने पुलिस को बताया कि गायत्री देवी के घर में चोरी किए सोने चांदी के आभूषण बैरागी मुरली हल पहाड़ी के रहने वाले गोवर्धन सिंह पिता स्वर्गीय रामदेव सिंह को बेच दिया है। पुलिस को इस तरह की जानकारी मिलने के बाद तुरंत हरकत में आई नाबालिग लड़के को साथ लेकर, चोरी के सोने चांदी के आभूषण खरीदने के आरोप में एक अधेड़ को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से गायत्री देवी के घर से चुराए गए सोने चांदी के आभूषण भी बरामद कर लिया गया। पकड़े गए आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। उसके बाद जेल भेज दिया जाएगा। कोतवाली थाना के थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया कि मुरली हल पहाड़ी के रहने वाले गोवर्धन सिंह नामक कबाड़ दुकानदार को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से चोरी के सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। बैरागी की रहने वाली गायत्री देवी के घर में चोरी की घटना को एक नाबालिग लड़के ने अंजाम दिया था।

# सो रही मां और 2 बेटियों पर चाकू से वार, बड़ी बेटी के ससुर से था पैसे का विवाद

## एक जख्मी 10 दिन पहले ही बनी थी मां

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के जादोपुर थाना क्षेत्र के हीरापाकड़ गांव स्थित झोपड़ीनुमा घर में सो रही मां और उनकी दो बेटियों पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। तीनों महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि बड़ी बेटी के ससुर ने पैसे के विवाद में घटना को अंजाम दिया है।

### बेटी के ससुर पर आरोप

जख्मियों में हीरापाकड़ गांव निवासी पवन कुमार सिंह की पत्नी इंद्रावती देवी, बेटी रितु कुमारी और सलोनी देवी शामिल है। बताया जाता है कि जख्मी महिला इंद्रावती देवी की छह बेटी है। पांच बेटी की शादी कर चुकी हैं। एक साल पहले जख्मी महिला इंद्रावती ने अपनी बेटी सलोनी की शादी के लिए बड़ी बेटी के ससुर से 25 हजार रुपए कर्ज लिए थे। कर्ज के पैसे लौटाने के लिए अक्सर आरोपी दबाव डालता था। महिला ने कुछ और समय की मांग की थी, लेकिन आरोपी लगातार पैसे की मांग करता रहा, इसे लेकर विवाद करने लगा।

### 10 दिन पहले बेटी को दिया था जन्म, उस पर भी हमला

गुरुवार की रात महिला इंद्रावती और अपनी दो बेटी के साथ झोपड़ीनुमा घर में खाना खाकर सो गई थी। आरोप है कि इसी बीच मौके का फायदा उठाकर आरोपी



घर में घुस गया और सोई अवस्था में इंद्रावती पर ताबड़तोड़ चाकू से वार करना शुरू कर दिया। उसकी बेटी भी नींद से जग गई और बीच बचाव करने लगी तभी आरोपी ने उसे भी चाकू मार दिया। इसके बाद 10 दिन पहले मां बनी उसकी दूसरी बेटी भी बीच बचाव करने लगी तब आरोपी ने उसे भी चाकू मार दिया। इसके बाद वह 10 दिन की मासूम बच्ची पर भी हमला करने वाला था, लेकिन हंगामा सुनकर ग्रामीण पहुंच गए।

आरोपी फरार हो गया जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से देर रात तीनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जादोपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि तीन लोगों को चाकू लगी है। इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जख्मी के फर्द बयान के आधार पर मामले की जांच कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही हैं।

# समस्तीपुर मंडल में ट्रेन से कटकर मगरमच्छ की मौत

## हरहा नहर से निकलकर रेल लाइन पार करते समय हादसा



**समस्तीपुर , एजेंसी।** समस्तीपुर रेल मंडल के बगहा में बरवल पिपरा गांव के हरहा नदी पर बने पुल संख्या 347 के पास ट्रेन से कटकर एक मगरमच्छ की मौत हो गयी है. इस घटना पर पर्यावरण प्रेमियों ने चिंता जताई है. जानकारी के मुताबिक मगरमच्छ संभवतः हरहा नदी से निकलकर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था तभी वहां से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गया. ट्रेन से कटने के बाद उसकी मौत हो गयी.

### पर्यावरण प्रेमी गजेंद्र यादव ने दी घटना की जानकारी

बताया जाता है कि सुबह-सुबह पर्यावरण प्रेमी गजेंद्र यादव खेत की तरफ गए थे, तभी उनकी नजर ट्रैक के पास मृत पड़े मगरमच्छ पर गयी जिसकी जानकारी उन्होंने वन विभाग को दी. घटना की खबर मिलने के बाद मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने मगरमच्छ को अपने कब्जे में ले लिया.

### गंडक नदी में सैकड़ों की संख्या में पाए जाते हैं मगरमच्छ

वाल्मीकि टाइगर रिजर्व अंतर्गत गंडक नदी में सैकड़ों की संख्या में मगरमच्छ पाए जाते हैं. कई बार ये मगरमच्छ रिहायशी इलाकों समेत आसपास के पोखर, तालाब और नहर का रुख करते हैं. इस दौरान इनकी जान पर भी बन आती है.पिछले वर्ष भी औसानी हाल्ट के पास दो मगरमच्छ ट्रेन से कट गए थे और उनकी मौत हो गई थी.

### चंबल के बाद गंडक नदी है मगरमच्छों का अधिवास क्षेत्र

देश में चंबल नदी के बाद गंडक नदी ही एक ऐसा अधिवास क्षेत्र है जहां मगरमच्छ और घड़ियाल बहुतायत संख्या में पाए जाते हैं. उनको यह अधिवास क्षेत्र काफी पसंद आता है.इसी गंडक नदी की उप वैतरणी तिरहुत, त्रिवेणी, दोन और हरहा नहरों में मगरमच्छ डेरा जमाये रहते हैं और अक्सर पानी से बाहर निकलकर रिहायशी इलाकों के अलावा सड़क और रेलवे ट्रैक पर आ जाते हैं, जिससे हादसों के शिकार हो जाते हैं.

### संरक्षित प्राणी है मगरमच्छ

बता दें कि कुछ सालों पहले तक मगरमच्छ की कई प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर थीं. जिसके बाद 1975 में देश के कई राज्यों में मगरमच्छ संरक्षण परियोजनाओं की स्थापना की गयी. घड़ियाल और खारे पानी के मगरमच्छ संरक्षण कार्यक्रम को 1975 की शुरुआत में ओडिशा में शुरू किया गया था, उसके बाद व्यापक तौर पर इसे शुरू किया गया. परिणामस्वरूप खारे पानी के मगरमच्छों की संख्या 1976 के 96 से बढ़कर 2012 में 1,640 हो गई.

# एक ही जमीन के मुआवजे के कई दावेदार, नोटिस

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** साहेबगंज-मानिकपुर फोरलेन निर्माण के लिए ली गई एक ही जमीन के मुआवजे के कई हकदार खड़े हो गये हैं। इससे अलग-अलग मौजा में अर्जित की गई जमीन पर मुआवजा भुगतान में पेच फंस गया है। कई लोग इसे अपनी-अपनी जमीन बताकर मुआवजा भुगतान करने का अनुरोध कर रहे हैं। इससे भू-अर्जन विभाग की परेशानी बढ़ गई है। एक ही खाता और खेसरा संख्या के लिए कई लोग दावेदारी ठोक रहे हैं। इस कारण मामला सक्षम न्यायालय में भेज दिया गया था। अब सक्षम प्राधिकार सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने करीब आधा दर्जन लोगों को नोटिस भेजा है। इन सभी को अलग-अलग तिथियों में जमीन से संबंधित सभी आवश्यक कागजात लेकर उपस्थित होकर अपना-अपना पक्ष रखने को कहा है। इसके बाद इन कागजात का सत्यापन किया जाएगा। इसके अनुसार जो असल रैयत होंगे, उन्हें मुआवजा भुगतान किया जाएगा।

**नौ अप्रैल को दस्तावेज लेकर बुलाया :** साहेबगंज अंचल स्थित वासुदेवपुर सराय में तीन अलग-अलग खेसरा से उक्त परियोजना को लेकर जमीन अर्जित की गई। जब मुआवजा भुगतान को लेकर शिविर लगाया गया तो कई लोग इस पर दावेदारी करने पहुंच गए और कागजात भी दिखाने लगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में लखीन्द्र पासवान की मौत

**तेघड़ा बेगुसराय।** 25 मार्च से लापता युवक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वहीं शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया है की होली के दिन ही किसी ने बुलाकर ले गया उसकी हत्या कर शव को फेक दिया गया। वहीं उसकी बरामदगी की मांग को लेकर सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग और परिजनों ने थाना पर पहुंचकर थाने का घेराव कर प्रदर्शन भी किया था। लेकिन लखविंदर पासवान का खोया था पता नहीं चल सका। लेकिन पुलिस के द्वारा बताया गया है कि लखविंदर पासवान का शव को बरामद किया गया है।परिजनों ने बताया है कि इसका शव को चकिया थाना की पुलिस के द्वारा बरामद की गई है। परिजनों ने बताया है कि लखविंदर पासवान को बुलाकर ले गया और उसकी हत्या कर शव को फेंक दिया गया। बताया जाता है कि तेघड़ा थाना क्षेत्र के तेघड़ा नगर परिषद वार्ड संख्या 16 निवासी लखविंदर पासवान 25 मार्च की संध्या से अचानक लापता हो गया था। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। लेकिन लखविंदर का कोई अता-पता नहीं चल सका था। घर वालों के द्वारा थकहार कर तेघड़ा थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया था। उसके बावजूद भी उसका कोई आता पता नहीं चल सका था। ग्रामीण एवं परिजनों के द्वारा तेघरा थाना पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया था। पुलिस के द्वारा आश्वासन दिया था कि लखविंदर को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा। लेकिन वह बरामद की नहीं हो सकी थी। परिजनों ने अपने आवेदन में तीन लोगों के द्वारा लखविंदर पासवान को साथ में ले जाने का आरोप भी लगाया गया था।परिजनों का आरोप है कि पुलिस इस मामले में कार्रवाई में देरी और लापरवाही की है। जिसके कारण से आज उसकी हत्या कर दी गई।इसी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। और आज सैकड़ो की संख्या में महिलाओं और ग्रामीणों ने तेघड़ा थाना का घेराव किया था। इस दौरान लोग लापता लखविंदर को जल्द से जल्द बरामद करने की मांग करते हुई थाना को घेराव किया था। इस तेघड़ा थाना की पुलिस लगातार भीड़ को समझाती रही कि जल्द ही उसे बरामद किया जाएगा। पुलिस के द्वारा परिजनों को बोला जा रहा है कि हम लोग दिन-रात छापेमारी कर लापता युवक की खोजबीन की जा रही थी। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर स्थल भेज दिया है और आगे की कार्यवाही में जुटी गई है। चकिया पुलिस ने वताया की 26 की रात्रि में सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई थी पुलिस ने लावारिश घोषित कर लाश का पोस्टमार्टम करा कर लाश को अस्पताल में शिनाख्त हेतु रख दिया गया था। जिसे बाद में परिवार वालो ने पहचान की। पुलिस ने बताया कि मृतक नशे की हालत में था।



### अलग-अलग मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल

**छौराही बेगूसराय।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से तीन अलग-अलग मामले में नामित अभियुक्त को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। जानकारी देते थाना अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि थाना कांड संख्या 297 ऑब्लिक 24 मामला 2023 की के नामित फरार चल रहेअभियुक्त ग्राम पंचायत एकंबा शेख टोल निवासी लाल साद का पुत्र दिनेश सदा कांड संख्या 28 ऑब्लिक 23 के अभियुक्त ग्राम पंचायत एकंबा अंतर्गत शेख टोल निवासी परमेश्वरी दास का पुत्र अरुण दास एवं ग्राम पंचायत ऐजनी के पूर्व मुखिया को भूमि विवाद संबंधित मामले में गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।



### बरौनी थाना में आधे जर्जन लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज

**बरौनी/ बेगूसराय।** बरौनी थाना क्षेत्र के पिपरा देवास निवासी अशोक यादव की पत्नी हीरा देवी ने थाना में आवेदन देकर लगभग आधे दर्जन लोगों के विरुद्ध करीब 8:00 बजे रात्रि में घर में घुसकर लाठी ,,डंडे, रौड से मेरे पूरे परिवार के लोगों को गाली गलौज करते हुए बुरी तरह से पिटाई कर दी। जिस कारण रोड की मार से मेरा एक हाथ टूट गया। शोर मचाने पर पिस्टल दिखाते हुए सभी आरोपी भाग निकले। बरौनी थाना पुलिस ने न्याय संगत मामलों में मामला दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई है।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**बखरी(बेगूसराय)।** बखरी पुलिस ने शुक्रवार को एक नामजद फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति पर अपहरण कर मारपीट गाली गलौज करने का आरोप में मामला दर्ज है।जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विकाश कुमार राय ने बताया कि प्राणपुर निवासी मो एकामुल के पुत्र मो वकील को कांड के अनुसंधानकर्ता एसआई उदय शंकर कुमार ने बखरी मुख्य बाजार से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि नामजद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है।

### लौरिया वाहन पडाव और फैंसी मेला की बंदोबस्ती संपन्न

**चाणक्य भूमि लौरिया।** लौरिया नगर पंचायत के बस पडाव व फैंसी मेला की बंदोबस्ती आज पुरी हो गयी |बस पडाव के लिये सर्वाधिक बोली बेतिया मुफस्सील थाना क्षेत्र के बरवत पसराईन निवासी मंजय कुमार पटेल ने लगायी |उन्होंने पांचवे राउण्ड में वर्ष 2024-25के लिये छिहत्तर लाख ग्यारह हजार की बोली लगाकर वाहन पडाव को अपने नाम कर लिया जबकि लौरिया मेला के लिये सर्वाधिक बोली पुराने संवेदक रामबाबु प्रसाद ने लगाकर बंदोबस्ती अपने नाम करा लिया |उन्होंने चौथे राउण्ड मे सताईस लाख इक्कीस हजार की बोली लगाकर डाक अपने नाम किया | बतादे कि पिछले वर्ष वाहन पडाव का डाक शिवेन्द्र ठाकुर ने लिया था |इस डाक में लौरिया अंचलाधिकारी नितेश कुमार सेठ कार्यपालक पदाधिकारी ललित कुमार झा , मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी रत्नेश कुमार मुख्य पार्षद सीता देवी उप मुख्य पार्षद कौशल्या देवी , नरकटियागंज नगर परिषद मैनेजर रितेश कुमार गुप्ता , अंशु कुमार जवाहीर महतो मुकुल राय संजय कुमार , लड्डु सिंह , पप्पु मिश्र बदरी यादव , लालबाबु राम, बोलबम सिंह , मुरारी प्रसाद , रोहीत सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे |

### सात वारंटी को अलग अलग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया

**गढ़पुरा बेगूसराय।** गढ़पुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रत थाना पलिस ने समकालीन अभियान के तहत 7 एनबीडब्ल्यू वारंटीयों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है । जानकारी के अनुसार बताते चलें कि गिरफ्तार लोगों में हरखपुरा निवासी बिजल यादव का पुत्र सुनील यादव एवं अवधेश यादव वहीं पवन यादव पिता रघुनंदन यादव, कोरैय निवासी वीर बहादुर सिंह के पुत्र रामबाबू सिंह श्याम बाबू सिंह एवं घनश्याम सिंह तथा गढ़पुरा निवासी कमलेश पाठक के पुत्र राजीव कुमार को गिरफ्तार किया गया।

# बेगूसराय भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह का बड़ा बयान कम्युनिस्ट पार्टी पर जमकर हमला










**चाणक्य भूमि। बेगुसराय**

लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य की सियासत काफी गरमा गई है । पक्ष विपक्ष की ओर से लगातार एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है, इसी कड़ी में बेगूसराय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है । बेगूसराय से महागठबंधन की ओर से उम्मीदवार खड़े हुए हैं । और इस बार टक्कर सीपीआई वर्सेस बीजेपी में होगी, भाजपा ने बेगूसराय से एक बार फिर गिरिराज सिंह पर भरोसा जताया, गिरिराज सिंह ने कम्युनिस्ट पार्टी पर जमकर निशाना साधा, उन्होंने कहा बेगूसराय में लड़ाई महागठबंधन के कार्यकर्ता लड़ेंगे, उन्होंने कहा कि यह लड़ाई देश में टुकड़े-टुकड़े करने वाले गैंग का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी सीपीआई बनाम एनडीए गठबंधन की होगी, कम्युनिस्ट पार्टी सिर्फ बेगूसराय में औद्योगिक नगरी रिफाइंड, फर्टिलाइजर को ही बर्बाद नहीं किया है, बल्कि छोटे-छोटे इंडस्ट्रीज में भी ये पार्टी अपना झंडा लगाकर छोटे छोटे इंडस्ट्रीज को बंद करवाने का भी काम किया है । और कहा आज सिर्फ हमारी लड़ाई विकास विकास होगा । नीतीश कुमार एवं मोदी की सरकार के द्वारा कामों की सरकार है 2005 के पहले सरकारों के जंगल राज को भूल चुके हैं । परिवारवाद की भी स्थिति थी । 2005 के बाद 10 का कंपेयर करने लगे और कहा 15 के बाद 20 का कंपेयर । लोगों को अब याद दिलाना होगा कि कम्युनिस्ट का मतलब क्या है । उन्होंने कहा कि देश में एक बार फिर मोदी की सरकार बनेगी और यह लड़ाई 80% बनाम 20% की होगी यहां एनडीए गठबंधन के तमाम नेताओं को एनडीए की बैठक में भी शामिल होने का न्योता दिया गया था । और सभी बैठक में शामिल भी हुए गिरिराज सिंह सबको धन्यवाद देते हुए कहा की लड़ाई यह लोग लड़ेंगे । जीत नरेंद्र मोदी की होगी । और इस बार 40 के 40 सीटों पर नरेंद्र मोदी की ही उम्मीदवारी होगी । इस बैठक में भाजपा के प्रदेश नेत्री प्रीति शेखर जी, भाजपा के मंत्री सह बछबाड़ा विधायक सुरेंद्र मेहता, पूर्व एमएलसी रजनीश कुमार, सर्वेश कुमार सिंह, जदयू मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह, पूर्व मेयर संजय कुमार सिंह, जदयू बेगूसराय जिला अध्यक्ष रुदल राय, हम पार्टी के जिला अध्यक्ष, लोजपा राम विलास पार्टी बेगूसराय जिला अध्यक्ष प्रेम पासवान अमरेन्द्र कुमार अमरसहित कई गणमान्य हुए शामिल ।संचालन कृष्ण मोहन पप्पू जी ने किया।

## एस एच 55 मिर्जापुर से मसुराज जानेवाली वर्षों से जर्जर सड़क बना चुनावी मुद्दा







**चाणक्य भूमि। खोदावंदपुर/बेगूसराय**

खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र का कई जर्जर सड़क इस बार लोकसभा चुनाव का मुद्दा बना हुआ है.यहां के वोटर इस चुनाव में विकास को मुख्य मुद्दा बना रहे हैं. बताते चलें कि प्रधानमंत्री ग्रामीण संपर्क पथ योजना के तहत वर्ष 2016-17 में बेगूसराय-रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 मिर्जापुर चौक से बीबीसी चिमनी के रास्ते मसुराज दुर्गा स्थान तक जानेवाली पथ का जीर्णोद्धार किया गया था, अब यह पथ काफी जर्जर हो गया है. वर्ष 2021-22 में इस पथ का मरम्मती भी किया गया था, बावजूद यह सड़क पूरी तरह से टूट गया है. गढ्ढे में सड़क है या सड़क में गढ्ढा है इसका पता नहीं चल रहा है. यह पथ मिर्जापुर चौक से राम बहादुर महतो के घर तक पीसीसीकरण एवं इन्हीं के घर से मसुराज दुर्गा स्थान तक कालीकरण किया गया था, जो जगह जगह टुटकर ध्वस्त हो गया है.इस पथ पर कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर गंभीर रुप से जख्मी हो चुके हैं.इस सड़क पर बालू लदा ट्रक भी पलट गयी थी.खासकर स्कूली बच्चों को इस पथ से आने जाने में काफी परेशानी होती है. पूर्व जिला पार्षद अरविंद कुमार, ग्रामीण तरुण कुमार रोशन, लालो दास, विनोद दास, पवन महतो, नारायण दास, मोहम्मद अब्बास, अब्दुल कुद्दूस, फूलेना महतो, सुनील सहनी, विनोद सहनी, गोपाल महतो, रामप्रीत यादव, सुरेन्द्र यादव, महेश यादव, बीबीसी ग्रुप के निदेशक राम जीवन महतो आदि ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिर्जापुर के निकट एक बड़ा पुलिया बनाने की जरूरत है, जिससे पूरे गांव की जलनिकासी हो जायेगी. इन लोगों ने इस पथ में जगह जगह वर्षों से बंद पड़ें पुलिया का अविलंब जीर्णोद्धार किये जाने की मांग की है, ताकि जलजमाव की समस्या से लोगों को निजात मिल सकें. बताते चलें कि यह पथ किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण है, किसानों अपना तैयार फसल इसी रास्ते से घर लाते हैं. ग्रामीणों ने बताया कि लोकसभा या विधानसभा चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी आते हैं और रोड बनाने की झूठा आश्वासन देकर वोट लेकर चले जाते हैं तथा चुनाव जीतने के बाद एक बार भी समस्याओं को झांकने तक नहीं आते हैं, इसलिए इस बार के चुनाव में ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं डालने का मन बना लिया है.

**कहते हैं अधिकारीः**- रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 मिर्जापुर चौक से बीबीसी चिमनी के रास्ते मसुराज दुर्गा स्थान तक जानेवाली यह ग्रामीण सड़क वर्षों से जर्जर होने की सूचना मिली है, परंतु अबतक किसी भी ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा लिखित शिकायत नहीं किया गया है. अगर ग्रामीणों के द्वारा इस जनसमस्याओं की लिखित शिकायत किया जायेगा तो उसे वरीय अधिकारियों को भी अवगत करवा दिया जायेगा, ताकि जल्द ही समस्या का सामाधान हो सकें.

**नवनीत नमन, बीडीओ, खोदावन्दपुर.**

## सिंघौल ने वॉलीबाल ट्रॉफी पर जमाया कब्जा



**चाणक्य भूमि। वीरपुर,बेगुसराय**

मध्य विद्यालय बरैपुरा के मैदान में आयोजित जन चेतना वॉलीवाल ट्रॉफी सिंघौल की टीम ने जीत ली। गुरुवार की रात खेले गए फाइनल मुकाबले में सिंघौल ने बरैपुरा को 26-24,24-26,25-21 और 25-22 से पराजित कर दिया। दोनों ही टीमों के बीच काफी नजदीकी व रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। विजेता टीम की ओर से विवेक ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल में बरैपुरा ने जोकिया को और दूसरे सेमीफाइनल में सिंघौल ने खरमौली को हराया था। टूर्नामेंट में छतौना,वीरपुर,नौला व मल्लहडीह की टीमें भी शामिल थी। हालांकि ये शुरुआती मैचों में ही बाहर हो गईं। विजेता टीमों व खिलाड़ियों को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक संत कुमार सहनी और जिला पार्षद प्रतिनिधि व राधट्रीय तैराक रौशन चौरसिया ने ट्रॉफी व मेडल प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेलकूद शारीरिक व मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। आज यह कैरियर व लोकप्रियता का श्रेष्ठ साधन भी बन गया है। मौके पर शिक्षक संजीव कुमार चौधरी,रेफरी बिक्रम सहनी, अमन कुमार,विशाल कुमार,नवल चौधरी,उप मुखिया राजेश ठाकुर आदि मौजूद थे।

## सोनम रेलवे होल्ट पर यात्री सुबिधा नदारत

**चाणक्य भूमि। गढ़पुरा बेगूसराय**



अंचल क्षेत्र के समस्तीपुर खगड़िया रेल खंड पर स्थित सोनमा प्राणपुर हॉल्ट स्थापना काल से अब तक आम नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं के अभाव में संचालित हो रहा है .जानकारी के अनुसार समस्तीपुर - खगड़िया रेलखंड पर स्थित सोनमा प्राणपुर हॉल्ट की स्थिति स्थापना के समय से ही जस का तस बना है.यह हॉल्ट क्षेत्र के दर्जन से अधिक गांव के लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण है.हॉल्ट के स्थापना के समय से ही यहां सुविधाओं का घोर अभाव है. जिसके लिए स्थानीय लोगों के द्वारा कई बार धरना प्रदर्शन कर सुविधा बहाल कराने की मांग भी की जा चुकी है. 1987 में बनाए गए थे सोनमा प्राणपुर हॉल्ट.समस्तीपुर खगरिया रेलखंड के गढ़पुरा अंचल अंतर्गत गढ़पुरा एवं सलौना रेलवे स्टेशन के बीच क्षेत्र के यात्रियों को दूर दराज के इलाकों में आने जाने में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए सुविधा प्रदान किए जाने को ले तत्कालीन सांसद चंद्रभानु देवी के प्रयास से सोनमा प्राणपुर हॉल्ट की स्थापना हुई थी. जिसका उद्घाटन 8 मार्च 1987 को हुआ था. जब से लेकर अब तक उक्त हॉल्ट पर सुविधाओं का अभाव है .हॉल्ट तक जाने के लिए पहुंच पथ का है घोर अभाव.बताते चलें कि हॉल्ट पर पहुंचने के लिए एक अदद रास्ता तक नही है क्षेत्र के यात्री फॉल्ट तक पहुंचने में पगडंडियों का सहारा लेकर पहुंचते हैं ,यही नहीं यहां प्रकाश की भी व्यवस्था नहीं है यात्रियों को संध्या बेला वह रात्रि में इस फोन पर ट्रेन से उतरने एवं चाहने में अंधेरे में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसके अलावा भी यात्री शेड, गाड़ियों की जानकारी के लिए फोन, पानी के लिए चापाकल, प्लेटफार्म समेत अन्य सुविधाओं का घोर अभाव है लेकिन किसी भी स्तर से इन समस्याओं का निराकरण किए जाने का प्रयास अब तक नहीं किया जा रहा है. जिसका परिणाम यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है.

## नगर पंचायत चनपटिया के पार्किंग की डाक

### 38 लाख रुपये में हुई डाक

**चाण्क्य भूमि(राजन मिश्रा)चनपटिया**



**चनपटिया।** नगर पंचायत क्षेत्र के वाहन पार्किंग सैरात की बंदोबस्ती गहमागहमी के बीच हुई। सैरातों की बंदोबस्ती को लेकर चनपटिया थाने व डायल-112 के पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों की तैनाती रही। परिसर में प्रवेश करने वालों पर पुलिस की नजर थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नगर में वाहनों से पार्किंग की बंदोबस्ती 38.15 लाख में हुई। बंदोबस्ती में संवेदक देवेंद्र यादव, दिलीप कुमार, रौशन कुमार व रवि जायसवाल ने भाग लिया था। अंत में पार्किंग का डाक अधिकतम बोली लगाने वाले संवेदक देवेंद्र यादव को दी गई। इसकी जानकारी नपं के ईओ सरोज कुमार बैठा ने दी। उन्होंने बताया कि पिछले साल से 1.08 लाख रुपया अधिक में पार्किंग का ठेका दिया गया है। निर्धारित दर पर ही पार्किंग की वसूली करनी है। एनआईटी में निर्धारित दर से अधिक की वसूली करने पर डाक रद्द करने का प्रावधान है। पार्किंग स्थलों से बढ़ते आय के बीच क्या सुविधाएं बढ़ेंगी, यह कल भी सवाल था और आज भी है। ईओ श्री बैठा ने बताया कि अन्य सैरातों की बंदोबस्ती कोरम के अभाव में नहीं हुई है। सैरात की बंदोबस्ती के समय मुख्य पार्षद रजनी देवी, उप मुख्य पार्षद सुनील कुमार, सशक्त स्थाई समिति के सदस्य लालमति देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, नपं के नाजिर अभिषेक मिश्रा, मनोज कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, कपिलदेव प्रसाद, शंभू प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां बिघनी मंदिर के भवन का हुआ भूमि पूजन

**चाणक्य भूमि ।बेतिया**



स्थानीय तुरहाटोली में वैदिक मंत्रोच्चारण से बिघनी माता के मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार। आचार्य विजय पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर मां बिघनी मंदिर के भवन का नींव रखवाया।उक्त जीर्णोधार कार्य में मोहल्ले वासियों ने बढ़ चढ़कर इस पुनीत कार्य में हिस्सा लिया। वहीं मौके पर महिलाओं ने अपने संगीतमय कार्यक्रम से वातावरण को भक्ति में डूबो दी। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सुभाष दास ने बताया कि 50 वर्षो से माता का मंदिर जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा था। मोहल्ले वासियों के अथक प्रयास से इस पुनीत कार्य को आज आरंभ किया गया है । मौके पर सुभाष दास, मनोज साह, ओमप्रकाश साह,अनिल साह,लालबाबु साह, दीपक साह, काजू साह उर्फ अजय, कन्हैया साह, सीताराम साह, कमलेश कुमार, संजय साह, नागेंद्र साह, अभिषेक साह आदि उपस्थित रहे।

## बिहट के जलेलपुर में 25 वर्षों से हो रही है मां शीतल की पूजा 2 अप्रैल को आयोजित बसिऔरा पूजा

**चाणक्य भूमि। बीहट बेगुसराय**



बिहट नगर परिषद के वार्ड नंबर 22 जलेलपुर टोला में स्थित शीतला माता मंदिर में पिछले 25 वर्षो से बसिऔरा पूजा हो रही है । 2 अप्रैल को इस वर्ष बसिऔरा पूजा होनी है जिसकी सारी तैयारी मंदिर कमेटी के द्वारा पूरी कर ली गई है । मंदिर के पुजारी महंत महेश दास महाराज ने बताया की सप्तमी यानी एक दिन पहले 1 अप्रैल सोमवार को पकवान खीर, पूरी, कड़ी भात आदि भोजन की सामग्री श्रद्धालुओं के द्वारा बनाई जाएगी । और अगले दिन 2 अप्रैल यानी महा अष्टमी के दिन मंगलवार को माता शीतला को बासी भोजन का भोग लगाकर उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाएगा । बसिऔरा पूजा से माता शीतला जहां एक और चेचक, खसरा जैसी बीमारी से निजात दिलाता है । वहीं लोगों की मनोकामनाओं को भी पूर्ण करती है। महंत ने बताया कि शीतला अष्टमी के दिन जो लोग किसी कारणवश बसिऔरा पूजा नहीं कर पाते हैं, वह पूरे चैत्र महीने में किसी भी मंगलवार या शनिवार को माता शीतला को जलार्पण कर पूण्य के भागी बन सकते हैं । मंदिर समिति के कन्हैया कुमार ने बताया कि वर्ष 1997 में शीतला माता मंदिर की स्थापना हुई । और तब से शीतला अष्टमी के दिन बसिऔरा पूजा तथा वासंतिक नवरात्र के मौके पर माता शीतला व दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की जाती रही है । बसिऔरा पूजा को लेकर विशेष अनुष्ठान शुरू किया गया है बैठक में चैत्र नवरात्र की तैयारी को लेकर भी विचार विमर्श किया गया । मौके पर कन्हैया कुमार, बबलू सिंह, कौशल सिंह, सभापति सिंह, हर्ष राज, माधव सिंह आदि मौजूद थे।

# 41 किलो मादक पदार्थ के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



नेपाल के सीमावर्ती थाने कंगली एवं सिकटा थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए बसंतपुर के पास से 41 किलोग्राम गांजा के साथ चार तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसमें से दो तस्कर नेपाल के है जिनकी पहचान पर्सा जिला के पोखरिया थाना के धोरे गांव निवासी रामाश्रय सहनी के 40 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र सहनी, स्वर्गीय भुट्टा मियां के 30 वर्षीय पुत्र मोहम्मद रोज आलम के रूप मे हुई है। साथ ही उनके सहयोगी दो भारतीय तस्कर की पहचान बिहार के पूर्वी चंपारण के पलनवा थाना क्षेत्र के सिंहपुर निवासी माधवलाल महतों के 26 वर्षीय पुत्र रूपेश कुमार एवं भरवलिया के एकबाली साह के 30 वर्षीय पुत्र रामप्रवेश कुमार के रूप में की गई है। नरकटियागंज एसडीपीओ के अनुसार जयप्रकाश सिंह ने बताया कि नेपाल से भारी मात्रा में मादक पदार्थ का खेप कंगली थाना क्षेत्र से होकर भारत आने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसे लेकर कंगली थानाध्यक्ष कफील अजहर और सिकटा थानाध्यक्ष राज रौशन, पीएसआई अमरजीत कुमार पाठक समेत कई पुलिस अधिकारी व जवानों को संभावित रास्ते पर तैनात किया गया था। बसंतपुर के पास घोड़ासहन नहर पुल संख्या आठ के रास्ते चार व्यक्ति माथे पर मोटरी लेकर आ रहे थे । सूचना के आधार पर चारो संदिग्ध की तलाशी लेने पर उनके पास से पोटली में गांजा बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस ने चारों तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

## दबंगों ने मजदूर की जमकर पिटाई की और उसका घर गिरा दिया



चाणक्य भूमि बेतिया

मुफस्सिल थाने क्षेत्र अंतर्गत मिर्जापुर गांव में महनागनी पंचायत के पूर्व मुखिया जितेन्द्र सिंह और उनके सहयोगियों पर मजदूर और उसके परिवार के लोगों के साथ हाथ-पैर बांधकर जमकर पिटाई करने और जेसीबी लगाकर उनका घर तोड़ने का मामला दर्ज हुआ है। इस मामले में थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि रीना देवी की शिकायत पर महनागनी पंचायत के पूर्व मुखिया जितेन्द्र सिंह समेत 14 लोगों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गयी है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया है कि 24 मार्च की रात 12 बजे पूर्व मुखिया जितेन्द्र सिंह के अलावा संजीव कुमार पांडेय, रविकांत कुमार पांडेय, अभिजीत सिंह, राधेश्याम राम, मुखलाल राम, भिखारी ठाकुर, सोनू कुमार श्रीवास्तव, मोटर साह, बैद्यनाथ साह, रामभरत साह, कन्हैया साह, आनंद कुमार शुक्ल, रामबाबू साह उनके घर पर आये।उन्होंने बंदूक का भय दिखाकर उसके ससुर गोरख साह तथा सास लालमुनी देवी को पकड़कर पूर्व मुखिया के हरिओम चिमनी पर ले जाकर हाथ-पैर बांधकर मारने-पीटने लगे। उसके बाद जेसीबी लगाकर उनके घर को तोड़ दिया गया। घर में रखे छड़-सिमेंट समेत अन्य सामान को लूट लिया गया। इससे 10 लाख रुपये की संपति का नुकसान हुआ है।






























## सड़क पर जलजमाव से गुदरा में नारकीय स्थिति



चाण्क्य भूमि(कनक लता)

**बेतिया**। सिकरहना नदी के किनारे बसा गुदरा पंचायत के मुख्य सड़क पर जलजमाव एंवम बदबूदार कीड़े वाला पानी को लेकर ग्रामीण परेशान है।ग्रामीणों का कहना है कि यह पंचायत प्रखंड से करीब 25 किलोमीटर की दूरी पर सुदूर इलाके पर स्थित है,यहां पर जनप्रतिनिधि और अधिकारी हमलोगों की शुद्धि लेने कभी नही आते है,लोगों ने बताया कि इस सड़े हुये पानी से आना जाना दुस्वार हो गया है,सड़क से आते जाते लोग कई बार पैदल बाइक और साइकिल लोग गिर जाते पैर हाथ टूट जाता,और तो और यहां वार्ड नम्बर एक में स्थित महादेव मंदिर में पूजा करने जाने के लिए भी बदबूदार पानी से गुजर कर जाना पड़ता है,यहां अभी इस मौषम में सड़क पर जलजमाव तो होता ही है लेकिन बरसात के दिन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## जम्मू में बोलेरो दुर्घटना में नौ बिहारी मजदूरों की मौत पर

- मृतकों के आश्रितों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा दे सरकार - किरण देव यादव

चाण्क्य भूमि

अखिल भारतीय मिशन ट्रेड यूनियन, ऑल इंडिया मिशन ट्रेड यूनियन, ऐम्टू संस्थापक अध्यक्ष सह राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश महासचिव किरण देव यादव ने जम्मू में नौ बिहारी मजदूरों की बोलेरो 300 फीट गहरी खाई में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त होकर हुई दर्दनाक मौत पर गहरी शोक संवेदना तथा आश्रितों के प्रति हार्दिक सहानुभूति व्यक्त किया है। श्री यादव ने मजदूरों के आश्रितों को 25-25 लाख रुपया मुआवजा देने की मांग किया। वही वही राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कमल किशोर यादव अधिवक्ता ने मृतकों के आश्रितों के प्रति हार्दिक संवेदना सहानुभूति व्यक्त किया।

## 42 किलो गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



चाण्क्य भूमि(अमित श्रीवास्तव)

- जब्त गांजा का अंतर्राष्ट्रीय मूल्य 10 लाख रुपये
- चारो भेजे गये जेल

**सिकटा** ।सिकटा तथा कंगली थाना के संयुक्त छापामारी में 42 किलो गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार किये गये। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया गया कि तस्कर नेपाल के रास्ते भारत की सीमा में प्रवेश कर रहे थे तभी इसकी गिरफ्तारी की गई।उन्होंने बताया कि इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 10 लाख रुपये बताई गयी है। यह त्रिवेणी नहर 8 नं पुल के बसंतपुर गांव के समीप लगभग 11:25 बजे गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष राज रौशन एवं कफील अजहर कि संयुक्त छापामारी में धर दबोचा गया। बताते चले की यह दोनों अधिकारी ग्राहक बनकर गये और चारो तस्करों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार तस्करों में रूपेश कुमार (26 वर्ष), सुरेंद्र सहनी (40 वर्ष), मोहम्मद रोज आलम(30) वर्ष, राम प्रवेश कुमार (30) वर्ष को गिरफ्तार किया गया।सभी तस्कर मोतिहारी के पलवा, पोखरिया जिला परसा नेपाल भरवलिया के है। मामले में कंगली थाना कांड संख्या 15/24 दर्ज की गयी है।

## सड़क दुर्घटना में सायकिल सवार की दर्दनाक मौत

चाण्क्य भूमि(संबाद दाता))

**साठी**। थाना से महज दो सौ गज की दूरी पर राधिका पेट्रोल पंप के सामने शुक्रबार की शाम लगभग सात बजे साइकिल व मोटर साइकिल के आमने सामने की टक्कर में साइकिल सवार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव वार्ड नंबर एक निवासी उमेश महतो उम्र (38) वर्ष के रूप में की गयी है। बताया गया है कि म उमेश अपनी मामी की श्राद्ध कार्य के लिए सामान खरीद कर पेट्रोल लेने पंप पर जा रहा था। इसी दौरान पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार चार पहिया ने साइकिल सवार को ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई।



घटना के बाद उमड़ी भीड़

## शादी की नीयत से लड़की का अपहरण

- पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

चाण्क्य भूमि (जापान साह)

**नानोसती**।जगदीशपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से दसवीं की छात्रा का अपहरण हुआ है।अपहृत लड़की की पिता ने थाना मे आवेदन देकर पड़ोस के ही पांच लोगों पर अपहरण का प्रथमिकी दर्ज करायी है।थानाध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने कहा कि लड़की की बरामदगी के लिये छापेमारी की जा रही है।प्राथमिकी।में दर्ज आरोपी घर छोड़कर फरार हो गये है।अंदेशा है कि शादी की नीयत से अपहरण किया गया हैं।

## यूटूबर मनीष कश्यप ने बेतिया से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फूंका बिगुल

चाण्क्य भूमि,बेतिया सम्बाददाता

**बेतिया**।यूटूबर मनीष कश्यप बेतिया संसदीय क्षेत्र से लोक सभा का चुनाव निर्दलीय लड़ेंगे।इस आशय की जानकारी उन्होंने हिंदुस्तान को दी।उन्होंने कहा कि बेतिया चम्पारण की सत्याग्रह भूमि है।यही से भ्ष्टाचार के खिलाफ शंखनाद होगा।यह निर्णय उन्होंने जनता की मांग पर लिया है।उन्होंने कहा कि लोकतन्त्र में चुनाव लड़ने का अधिकार हर बालिग को है।उन्होंने कहा कि वे पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उनकी लड़ाई परिवार वाद से है।मैं बेतिया में परिवारवाद का खात्मा करूँगा।



मनीष कश्यप

## शहीद प्रोफेसर अब्दुल बारी का 77 वीं शहादत दिवस मनाया



चाण्क्य भूमि ।संवाद सूत्र

फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के तत्वाधान में प्रोफेसर अब्दुल बारी का 77 वीं शहादत दिवस संपर्क कार्यालय खगड़िया में मनाया गया। इस अवसर पर शहीद प्रोफेसर अब्दुल बारी अमर रहे, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, शहीदों का विरासत बचाओ, देश बचाओ, नारों के बीच इनके तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर कोटि-कोटि नमन याद किया गया। अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि प्रोफेसर अब्दुल बारी सच्चे अर्थों में नेक दिल इंसान, सामाजिक चिंतक, स्वतंत्रता सेनानी, स्वतंत्रता आंदोलन के नायक, साहसी क्रांतिकारी योद्धा, समाज सुधारक, प्राध्यापक, शिक्षाविद, विद्वान, विधान पार्षद, महान श्रमिक नेता थे। इनका जन्म भोजपुर जिले के शहाबादी कोयलवार में 21 जनवरी 1892 में हुआ था तथा 28 मार्च 1947 को खुसरूपुर स्टेशन के निकट गोली से शहादत हुई थी। वे आर्ट मास्टर डिग्री लेने के बाद बिहार विद्यापीठ , बीएन कॉलेज में प्राध्यापक बनें, तथा गांधी जी के असहयोग आंदोलन, खिलाफत आंदोलन में सक्रिय रहे। वे स्वराज पार्टी एवं इंडियन इंडिपेंडेंस लीग का सदस्य रहे। वे मजदूर आंदोलन के लोकप्रिय नेता की भूमिका निभाये। कार्यक्रम में मधुबाला, उमेश ठाकुर, कमल किशोर यादव, गुड्डू ठाकुर, कालेश्वर ठाकुर, चंद्रशेखर मंडल, दानवीर यादव, महेश्वर यादव, बृजनंदन महतो, दिनेश शाह, रामचंद्र यादव, पप्पू कुमार, लालमणि सदा, जितेंद्र कुमार आदि दर्जनों समाजसेवियों ने भाग लिया।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714